Title: Need to provide stoppage of important trains at Vyara in Balsar Parliamentary Constituency, Gujarat. - Laid

श्री मानसिंह पटेल (मांडवी): अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में आदिवासी क्षेत्र व्यारा है, जहां पर उकई डैम, कांकरपारा एटोमिक पॉवर प्लांट और कई चीनी मिलें हैं। यहां पर बिहार, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, तमिलनाडु एवं केरल के लोग विभिन्न रोजगार में लगे हैं और समय समय पर अपने राज्यों में आते जाते रहते हैं। ये लोग व्यारा तक् पहुंचने के लिए ताप्ती-गंगा, नवजीवन एक्सप्रेस एवं वलसाड-पटना एक्सप्रेस रेल सेवा का प्रयोग करते हैं, परन्तु इन गाड़ियों का व्यारा में ठहराव नहीं है, जिसके कारण विभिन्न राज्यों के लोगों को अपने राज्यों का टिकट आरक्षण कराने एवं आने जाने में बहुत ही दिक्कत होती है और अन्य स्टेशनों पर उतरकर व्यारा आना पड़ता है या अन्य स्टेशनों पर पहुंच कर इन रेल सेवा को पकड़ना पड़ता है और उनके पास समान भी काफी होता है। लोगों की अत्यंत मांग होने पर मैंने कई बार रेलवे विभाग को अनुरोध किया है, परन्तु अभी तक ठहराव नहीं दिया है।

रेल मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि ताप्ती-गंगा, नवजीवन एक्सप्रेस एवं वलसाड-पटना रेल सेवा का व्यारा में तत्काल ठहराव का निर्देश प्रदान करें।